# ज़ुल्म के खिलाफ़ आवाज़

Postal Regd. No.:MNW/308/2019-21

वर्ष : ०५ | अंक : १३ | मुंबई, शुक्रवार, ०१ मार्च से ०७ मार्च २०१९ | RNI No. : MAHHIN/2014/59999 | पृष्ठ : ४ | मूल्य : २/- रुपये


## संजय बर्वे को मिली मुंबई पुलिस की कमान



### अगले पुलिस कमिश्नर; सुबोध जायसवाल को प्रमोशन देकर बनाया DGP

**शाईस्ता शेख**

**मुंबई:** भारत और पाकिस्तान के मध्य जारी तनाव के बीच देश की आर्थिक राजधानी में आतंकी हमले को लेकर अलर्ट जारी किया गया है. इस बीच महाराष्ट्र सरकार ने शहर के पुलिस महकमे में बड़ा बदलाव किया है. १९८७ बैच के आपीएस अधिकारी संजय बर्वे को मुंबई पुलिस का नया कमिश्नर बनाया गया है. वह मौजूदा कमिश्नर सुबोध कुमार जायसवाल की जगह लेंगे. वहीं सुबोध कुमार जायसवाल को प्रमोशन देकर महाराष्ट्र का डायरेक्टर जनरल ऑफ पुलिस (डीजीपी) नियुक्त किया गया है. महाराष्ट्र के गृह विभाग ने इस संबंध में अधिकारिक घोषणा कर दी है. १९८५ बैच के आईपीएस अधिकारी सुबोध कुमार जायसवाल अभी मुंबई पुलिस के कमिश्नर हैं. आईपीएस अधिकारी संजय बर्वे अभी महाराष्ट्र एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) के चीफ है. संजय बर्वे लंबे समय से महाराष्ट्र के पुलिस प्रशासन में कार्यरत है. वह एटीएस से लेकर मुंबई में कई बड़े पदों पर काम कर चुके है. बताया जा रहा है की इस पद के लिए और भी कई अधिकारियों का नाम रेस में था. जिसमें ठाणे के पूर्व कमिश्नर परमबीर सिंह का नाम भी शामिल है.

लोकसभा चुनाव २०१९: कर्नाटक सीएम कुमारस्वामी बोले-

## देवगौड़ा को पीएम बनाने को देश तैयार, राहुल गांधी की दावेदारी को किया खारिज!

**आसिफ खान**

कर्नाटक के मुख्यमंत्री एच. डी. कुमारस्वामी ने अपने पिता और जनता दल सेक्युलर सुप्रीमो एच. डी. देवगौड़ा को लेकर कहा कि वे २०१९ लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री पद की दौड़ में हैं. कुमारस्वामी ने मंगलवार को कहा था कि पूरे देश का वातावरण पिताजी के अनुकूल है और सब चाहते हैं कि वह प्रधानमंत्री बनें. कुमारस्वामी ने अपने इस बयान को लेकर गुरुवार को कहा कि अगर आप कांग्रेस और जेडीएस गठबंधन को २०-२२ सीटों का आशीर्वाद एक बार फिर से देते हैं तो एक कन्नाडिगा उस पद (प्रधानमंत्री) पर हो सकता है. उन्होंने कहा कि इस देश में कुछ भी हो सकता है तो ऐसा क्यों नहीं हो सकता है?





उधर, कर्नाटक बीजेपी के अध्यक्ष और राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री बी. एस. येदियुरप्पा ने बुधवार को कहा कि पाकिस्तान के आतंकी शिविरों पर भारत की एयर स्ट्राइक से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पक्ष में लहर पैदा कर दी है. इससे बीजेपी को लोकसभा चुनाव २०१९ में कर्नाटक में २८ में २२ सीटें जीतने में मदद मिलेगी.

गौरतलब है कि २०१४ के लोकसभा चुनाव में कर्नाटक की कुल २८ लोकसभा सीटों में से बीजेपी १७, कांग्रेस ९ और जेडीएस २ सीटें जीतने में कामयाब रही थी. लेकिन पिछले साल विधानसभा चुनाव के बाद रिक्त बेल्लारी सीट पर हुए उपचुनाव में बीजेपी ने इस सीट को गंवा दिया. इस तरह मौजूदा समय में बीजेपी के पास १६ और कांग्रेस के पास १० सीटें हैं.

## पाकिस्तान में भारत के पायलट और दुर्घटनाग्रस्त विमानों की फ़र्ज़ी तस्वीरें वायरल

पाकिस्तान में स्थानीय मीडिया के हवाले से कुछ तस्वीरें और मोबाइल वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किये जा रहे हैं और इन्हें 'भारतीय वायु सेना पर पाकिस्तानी फ़ौज की जवाबी कार्रवाई' का बताया जा रहा है. लेकिन बीबीसी की पड़ताल में हमने इन सभी दावों को ग़लत पाया है और ये भी कि इन पुरानी तस्वीरों का भारत और पाकिस्तान के बीच बुधवार को हुई कथित सैन्य कार्रवाई से कोई वास्ता नहीं है.

पाकिस्तान की फ़ौज के प्रवक्ता मेजर जनरल आसिफ़ गफ़ूर ने बुधवार सुबह प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि पाकिस्तान की वायु सेना ने बुधवार सुबह भारत प्रशासित कश्मीर में छह ठिकानों पर हवाई हमले किए. इसके बाद पाकिस्तान की सेना ने कहा कि उन्होंने दो भारतीय पायलटों को गिरफ़्तार कर लिया है और भारत के दो फ़ाइटर विमान मार गिराए हैं. गिरफ़्तार किए गए एक पायलट का वीडियो पाकिस्तान फ़ौज ने सोशल मीडिया पर जारी किया है. १४ फ़रवरी को भारत प्रशासित कश्मीर के पुलवामा में सीआरपीएफ़ के काफ़िले पर हुए आत्मघाती हमले के बाद दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ गया है. इस हमले में भारत के ४० से ज़्यादा जवान मारे गए थे. इसी सिलसिले में भारत सरकार ने मंगलवार को दावा किया था कि पुलवामा हमले के लिए ज़िम्मेदार जैशे-मोहम्मद के पाकिस्तान प्रशासित कश्मीर स्थित ठिकानों को भारतीय वायु सेना ने निशाना बनाया है. इस हमले में जैशे-मोहम्मद की कितनी क्षति हुई, इसकी निष्पक्ष सूत्रों से पुष्टि नहीं हो पाई है. लेकिन इन हैशटैग्स के साथ कुछ पुरानी तस्वीरें और वीडियो फ़ेसबुक के साथ-साथ ट्विटर पर शेयर किए जा रहे हैं. इनका बुधवार के घटनाक्रम से कोई लेना-देना नहीं है, फिर भी पाकिस्तानी मीडिया ने टीवी और ऑनलाइन ख़बरों में इन वायरल तस्वीरों को इस्तेमाल किया है.पाकिस्तान के कई ट्विटर यूज़र्स ने भारत के एक गंभीर रूप से घायल पायलट का वीडियो शेयर किया है. ख़ून में सने इस पायलट को पाकिस्तान की सेना द्वारा गिरफ़्तार किए गए भारतीय पायलट का वीडियो बताते हुए शेयर किया जा रहा है. लोगों ने इस वीडियो के साथ दावा किया है कि पाकिस्तानी फ़ोर्स ने भारतीय पायलट को जीवित पकड़ लिया है.









ये बात सही है कि पाकिस्तान की सेना ने दो भारतीय पायलटों को जीवित पकड़ लेने का दावा किया है. लेकिन पाकिस्तान में वायरल हो रहा ये वीडियो इस दावे के साथ फ़िट नहीं बैठता. वायरल वीडियो भारतीय वायु सेना में विंग कमांडर विजय शेल्के का है जो १९ फ़रवरी २०१९ को बेंगलुरु एयर शो से पहले दो सूर्यकिरण विमानों के टकराने से घायल हो गए थे.उनके बचाव के लिए बेंलगुरु के कुछ स्थानीय लोग मौक़े पर पहुँचे थे. इस दौरान उनमें जो बातचीत हुई, उसे भी वायरल वीडियो में सुना जा सकता है.

भारतीय विमान के क्रैश की ये तस्वीर सैकड़ों बार सोशल मीडिया पर पोस्ट की गई है. इस तस्वीर को न सिर्फ़ पाकिस्तान के लोगों ने, बल्कि स्थानीय मीडिया ने भी अपनी ख़बरों में इस्तेमाल किया है. पाकिस्तान के कुछ मीडिया संस्थानों ने इसे सरकारी एजेंसी द्वारा जारी की गई दुर्घटनाग्रस्त विमान की तस्वीर बताया है. लेकिन भारतीय फ़ाइटर विमान की ये तस्वीर साल २०१५ की है और इसका पाकिस्तान से कोई कनेक्शन नहीं है.

## मसूद अजहर को मार गिराने तक बदला पूरा नहीं होगा : संजय राउत



**मुंबई :** शिवसेना के वरिष्ठ नेता संजय राउत ने पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों पर हमले के लिए भारतीय वायु सेना की जमकर सराहना की है। हालांकि, उन्होंने कहा कि जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) प्रमुख मसूद अजहर को जब तक मार नहीं गिराया जाएगा तब तक पुलवामा हमले का बदला पूरा नहीं होगा। गौरतलब है कि भारतीय वायु सेना के लड़ाकू विमानों ने मंगलवार तड़के नियंत्रण रेखा के पार पाकिस्तानी हिस्से में कई जैश-ए-मोहम्मद के सबसे बड़े आतंकी शिविर पर हमला किया जिसमें बड़ी संख्या में आतंकवादी और उनके ट्रेनर मारे गए। एक ट्वीट में राउत ने कहा, 'मैं भारतीय वायु सेना के पायलटों की बहादुरी की सराहना करता हूं, जिन्होंने पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों को निशाना बनाकर हमें गौरवान्वित किया है।' उन्होंने कहा, 'जब तक जेईएम प्रमुख मसूद अजहर नहीं मारा जाता है हमारा बदला पूरा नहीं होगा।' राउत राज्यसभा के सदस्य हैं जिनकी पार्टी केन्द्र और महाराष्ट्र में बीजेपी की सहयोगी है। भारत द्वारा पाकिस्तान की सरहद में घुसकर किए गए एयर स्ट्राइक में सैकड़ों आतंकियों के मारे जाने की खबर है। भारत के १२ मिराज-२००० लड़ाकू विमानों बालाकोट में आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के सबसे बड़े ठिकाने को ध्वस्त कर दिया गया। इस हमले में जैश सरगना मसूद अजहर के साले मौलाना यूसुफ अजहर के भी मारे जाने की खबर है। हालांकि अभी इसकी पुष्टि नहीं हुई है। यूसुफ कंधार विमान अपहरण में भी शामिल था। कंधार में भारतीय यात्रियों के बदले ही आतंकी मसूद अजहर को भारत ने छोड़ा था। भारत के विदेश सिचव विजय गोखले ने आज एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि भारत ने एक नॉन मिलिटरी ऐक्शन के तहत आतंकियों के ठिकानों को ध्वस्त किया है। उन्होंने बताया कि इस हमले में इस बात का ख्याल रखा गया कि आम नागरिकों को कोई नुकसान नहीं पहुंचे। उन्होंने बताया कि वायुसेना के लड़ाकू विमानों ने घने जंगलों में आतंकी ठिकानों पर एयर स्ट्राइक की। न्यूज एजेंसी रायटर्स को एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने बताया कि भारत के इस बड़े एयर स्ट्राइक में ३०० आतंकवादी मारे गए हैं।



## मराठा मोर्चा का ऐलान, बीजेपी ने मांगें पूरी नहीं की तो लड़ेंगे विधानसभा चुनाव

**पुणे :** मराठा क्रांति महामोर्चा ने कहा है कि अगर सरकार ने उनकी मांगें पूरी नहीं कीं तो वे आने वाले विधानसभा चुनाव में अपने उम्मीदवार खड़े करेंगे। इतना ही नहीं, उन्होंने भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) का बहिष्कार करने की घोषणा भी की है। हालांकि मराठा नेताओं के एक गुट ने यह मांग की है सामूहिक तौर पर इस पर कोई फैसला अभी तक नहीं लिया गया है। सरकार ने मराठाओं को आरक्षण देने की बात कही है, लेकिन नेताओं ने आठ मुख्य मांगों का ज्ञापन सरकार को सौंपा है। इन आठ सूत्रीय मांगों पर वे तत्काल फैसला चाहते हैं। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को भेजे गए पत्र में मराठा नेताओं की ओर से कहा गया है कि सरकार उनकी मांगों को संज्ञान लेने में असफल रही है। वे बीजेपी का बहिष्कार करेंगे।





संगठन के सदस्यों ने इसे लेकर महाराष्ट्र के पंढरपुर में एक बैठक की। बैठक के बाद यह पत्र मुख्यमंत्री को भेजा गया। पत्र में की गई मांगों में यह भी शामिल है कि मराठा आंदोलन के दौरान जिन प्रदर्शनकारियों के खिलाफ केस दर्ज किए गए हैं, उन्हें वापस लिया जाए। आरक्षण का लाभ तत्काल दिया जाए। इसके अलावा अन्य मांगें इस पत्र में शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने प्रदर्शनकारियों के ऊपर लगे केस पहले ही वापस लेने को कह दिया है। हालांकि मराठाओं का कहना है कि अभी इस पर कोई फैसला नहीं हुआ है।

मराठा क्रांति मोर्चा के समन्वयक विनोद पोखरकर ने कहा कि वे लोग तीन सत्ताधारी पार्टियों के उम्मीदवारों के खिलाफ अपने स्वतंत्र उम्मीदवार उतारेंगे। सरकार ने हमें आश्वासन दिया है, लेकिन हम चाहते हैं कि मांगों को लागू किया जाए।

हालांकि मराठा आंदोलन से जुड़े दूसरे गुटों का कहना है कि वे ऐसा कुछ नहीं करने जा रहे हैं। मराठा क्रांति मोर्चा के कोऑर्डिनेशन कमिटी के लोगों का कहना है कि संयुक्त बैठक के बाद वे लोग इस पर कोई फैसला लेंगे।

## बीजेपी को पूरक मांगों का आसरा, साढ़े चार साल में मंजूर कराईं १ लाख ७६ हजार से अधिक मांगें

**मुंबई :** महाराष्ट्र में विपक्ष में रहते हुए बीजेपी ने हमेशा पूरक मांगों का डटकर विरोध ही नहीं किया, बल्कि कई बार सदन से वॉकआउट तक किया है और अब वही बीजेपी सत्ता में आने के बाद पूरक मांगों के सहारे ही चल रही है। अक्टूबर, २०१४ में आई बीजेपी सरकार ने अलग-अलग १३ अधिवेशन में एक लाख ७६ हजार ७९५ करोड़ रुपये की पूरक मांगें मंजूर कराई हैं। सोमवार को बजट सत्र के पहले दिन दोनों सदनों में ४,२८४.६५ करोड़ की अनुपूरक मांग पेश की गई।



सोमवार को पेश पूरक मांगों में पहली बार २००० करोड़ रुपये की आकस्मिक निधि शामिल की गई। स्वतंत्रता संग्राम सैनानियों के पेंशन और दुग्ध उत्पादक किसानों की मदद के लिए अतिरिक्त रकम पूरक मांगों में शामिल है। वित्त मंत्री सुधीर मुनगंटीवार कहते हैं, '३१४६ करोड़ रुपये की मांग अगले सत्र तक अतिरिक्त खर्च के लिए की गई है, जबकि शेष राशि सरकार की तरफ से पहले से ही खर्च की जा चुकी है।'

वे स्वीकार करते हैं कि अनुपूरक मांग में बढ़ोतरी हुई है, क्योंकि इसमें २,००० करोड़ रुपये की आकस्मिक निधि का आवंटन किया गया है। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद कुछ स्वतंत्रता संग्राम सैनानियों को पेंशन जारी करने से अतिरिक्त बोझ बढ़ा है। पूर्ववर्ती सरकार ने वर्ष २००४ में तकनीकी कारणों की वजह से इसे अस्वीकार कर दिया था।

इन पेंशनरों को अतिरिक्त भुगतान करने के लिए ४८२ करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है। वित्त मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने दूध उत्पादक किसानों से दूध खरीदने के लिए ३०५ करोड़ रुपए का प्रावधान किया है।




## संपादकीय...

# सख्त हुआ भारत

तेजी से बढ़ते ई-कॉमर्स के कारोबार के नियमन के मसले पर धनी और विकासशील देशों में तनातनी के आसार हैं. विश्व व्यापार संगठन में इस मुद्दे पर अगले महीने से बातचीत का सिलसिला शुरू होने जा रहा है.

धनी देश इस क्षेत्र में एक वैश्विक नियमों के पक्षधर हैं. लेकिन रिपोर्टों की मानें, तो भारत ने अपने हितों को प्राथमिकता देते हुए बहुपक्षीय बैठक में शामिल न होने का फैसला किया है. धनी देशों में ई-कॉमर्स का बाजार बहुत विकसित है तथा इसमें सक्रिय बड़ी कंपनियां खुदरा बाजार में भी बड़ा दखल रखती हैं. ऐसे में नियम-कानूनों का कोई एक ढांचा भारत जैसी उभरती अर्थव्यवस्थाओं के लिए बेहद नुकसानदेह हो सकता है. इस संदर्भ में राजस्व और डेटा का घाटा जैसी चिंताएं बहुत अहमियत रखती हैं. भारत ने आंतरिक बाजार के लिए एक नीति प्रस्तावित की है और इसे अंतिम रूप देने के लिए सभी संबद्ध पक्षों पर राय ली जा रही है. विश्व व्यापार संगठन के नियम सभी 164 सदस्यों के लिए होते हैं और उस पर हर देश की मंजूरी ली जाती है. परंतु, शायद पहली दफा ऐसा हो रहा है, जब सदस्यों के बीच आम सहमति बनाये बिना फैसला लेने पर जोर दिया जा रहा है. भारत के लिए इसे मंजूर कर पाना मुमकिन नहीं है. भारत हमेशा बहुपक्षीय विश्व व्यवस्था का पक्षधर रहा है, लेकिन ई-कॉमर्स के मसले पर कुछ प्रभावशाली देश अपने फायदे के हिसाब से नीतियां बनाने पर जोर दे रहे हैं. भारत समेत कई देशों की आपत्ति के बावजूद 76 देशों ने पिछले महीने नियमन के लिए बैठक करने पर सहमति दी थी. इनमें अधिकतर विकसित देश हैं. दूसरे देशों से आनेवाली वस्तुओं पर लगनेवाला शुल्क किसी भी देश की आमदनी का एक बड़ा जरिया होता है. डिजिटल तकनीक के विस्तार से किताबें, फिल्में, वीडियो गेम, संगीत जैसी अनेक चीजें अब इलेक्ट्रॉनिक तरीके से भेजी जा रही हैं.

यदि इनकी आमद पर शुल्क लगाने से भारत या किसी देश को रोक दिया जाता है, तो इससे आमदनी में बड़ी कमी हो सकती है. इस रोक पर भारत को उचित ही आपत्ति है. ई-कॉमर्स में डेटा की सुरक्षा और संग्रहण का मुद्दा भी प्रमुख है. सरकार का कहना है कि देश के भीतर जुटाये गये डेटा का संग्रहण भी देश में ही होना चाहिए तथा कंपनियों को उनके सुरक्षित और समुचित उपयोग की गारंटी देनी होगी.

हमारे देश में स्टार्ट-अप और ई-कॉमर्स का देशी बाजार भी बन रहा है. उम्मीद है कि भविष्य में यह हमारी अर्थव्यवस्था का महत्वपूर्ण भाग होगा. यदि इस क्षेत्र में व्यापक संसाधनों से लैस बड़ी विदेशी कंपनियों को निर्बाध छूट दे दी जायेगी, तो छोटी देशी कंपनियों का अस्तित्व संकटग्रस्त हो सकता है. विश्व व्यापार संगठन में अंतरराष्ट्रीय नीतियों के पक्षधर देश इन चिंताओं को लेकर गंभीर नहीं हैं. भारत सरकार सामान्य खुदरा दुकानों को बचाने के लिए भी प्रयासरत है, जो ई-कॉमर्स कंपनियों का सामना करने में सक्षम नहीं हैं. इस पृष्ठभूमि में विश्व व्यापार संगठन को सभी पहलुओं पर विचार करने के बाद ही नियमों को तैयार करना चाहिए.

## बॉलीवुड समाचार



# राजनीति में एंट्री करेंगी अर्शी खान, कांग्रेस ने महाराष्ट्र में दिया बड़ा पद



**२०१९** विधानसभा चुनाव के मद्देनजर फिल्म और टीवी इंडस्ट्री से जुड़े सेलेब्स को राजनीति में उतारने की होड़ सी मची है. बिग बॉस ११ की विनर शिल्पा शिंदे के बाद अब अवाम की चहेती अर्शी खान भी राजनीति में कदम रखने जा रही हैं. अर्शी ने खुद इस खबर को कंफर्म किया है. वे महाराष्ट्र में कांग्रेस की उपाध्यक्ष के रूप में पॉलिटिकल इनिंग की शुरुआत करेंगी. इंडिया फॉरम से बातचीत में अर्शी ने कहा- ''हां, मैं कांग्रेस में शामिल हो रही हूं. मैं महाराष्ट्र कांग्रेस की उपाध्यक्ष के रूप में पार्टी जॉइन करूंगी. उन्होंने मुझे ये पद दिया इसी वजह से मैंने हां कहा. पार्टी को युवा नेताओं की जरूरत है जो कि बिंदास और बेधड़ बोले.'' बता दें, अर्शी खान भोपाल से ताल्लुक रखती हैं. उन्हें विवादों का दूसरा नाम भी कहा जाता है. बिग बॉस ११ में उनकी जर्नी ने काफी हंगामा मचाया था. शो के दौरान अर्शी ने खुद कबूला था कि वे कंट्रोवर्सी में रहना पसंद करती हैं. बिग बॉस ११ में आने से पहले उनकी इमेज काफी बोल्ड थी. वे अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर बोल्ड तस्वीरें और वीडियो शेयर करती थीं. लेकिन बिग बॉस से निकलने के बाद अर्शी ने अपनी इमेज बदली है. अब वे सभ्य तरीके से पेश आती हैं. इंस्टा अकाउंट पर एक्सपोजिंग तस्वीरें नहीं डालतीं.

खैर, अर्शी खान का राजनीति में आना उनके फैंस को सरप्राइज कर सकता है. उन्होंने बिग बॉस में दर्शकों को एंटरटेनमेंट का जबरदस्त डोज दिया था. देखना होगा कि राजनीति के मंच पर लोग उन्हें कितनी गंभीरता से लेते हैं. अर्शी ने पाकिस्तानी क्रिकेटर शाहिद अफरीदी के साथ अफेयर होने का दावा भी किया था. साथ ही ये भी कहा था कि वे शाहिद अफरीदी के बच्चे की मां बनने वाली हैं. उनके इन बयानों से हंगामा मच गया था. हालांकि अर्शी के ये बयान सिर्फ पब्लिसिटी के लिए थे. उन्हें सेक्स रैकेट से जुड़े केस में पुणे पुलिस ने गिरफ्तार किया था. अर्शी खान ने T-२० वर्ल्डकप में भारत बनाम पाकिस्तान मैच में एक्सपोज करने का ऐलान किया था. हिजाब पहनकर बिकिनी फोटो शेयर करने पर वे ट्रोल भी हो चुकी हैं.

# महिला दिवस: यौन उत्पीड़न पर शॉर्ट फिल्म के साथ वापसी करेंगी तनुश्री दत्ता

सुमन मौर्या



**भारत** में मीटू कैंपेन की शुरुआत करने वाली तनुश्री दत्ता अब इस सब्जेक्ट पर एक शॉर्ट फिल्म के साथ तैयार हैं. वे इस फिल्म में एक्टिंग करती हुई नज़र आएंगी. उनकी इस शॉर्ट फिल्म का नाम इंस्पीरेशन होगा. ये फिल्म महिलाओं के साथ वर्कप्लेस पर होते यौन उत्पीड़न की कहानी को बयां करेगी. इस फिल्म के रिलीज की तारीख भी तनुश्री ने महिला दिवस रखी है. शॉर्ट फिल्म इंस्पिरेशन ८ मार्च २०१९ के रिलीज होगी. इस शॉर्ट फिल्म से तनुश्री दत्ता ९ साल बाद फिर से एक्टिंग की दुनिया में वापसी करेंगीं. इस फिल्म की कहानी और डायलॉग्स भी उन्होंने ही लिखे हैं. वे इस फिल्म के जरिए बॉलीवुड के स्याह पक्ष को दुनिया के सामने लाना चाहती हैं. तनुश्री दत्ता ने फिल्म में ये दिखाने की कोशिश की है कि किस तरह बॉलीवुड या अन्य इंडस्ट्रीज में भी न्यूकमर्स लड़कियों को काम के बदले शोषण किया जाता है. गौरतलब है कि तनुश्री दत्ता ने कुछ महीने पहले एक्टर नाना पाटेकर पर हैरेसमैंट के आरोप लगाए थे. उन्होंने दस साल पहले भी फिल्म हॉर्न ओके प्लीज के दौरान इन आरोपों के बारे में बात की थी लेकिन उस दौरान किसी ने उनकी बातों पर ध्यान नहीं दिया था.

# पाकिस्तानी एक्ट्रेस को पसंद नहीं आया UN की गुडविल एम्बेसडर प्रियंका चोपड़ा का ये ट्वीट




**पाकिस्तान** के बालाकोट में २६ जनवरी को भारतीय वायुसेना की तरफ से किए एयर स्ट्राइक को देशभर के लोगों ने सलाम किया. इसमें बॉलीवुड सेलेब भी पीछे नहीं थे. एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा ने भी र्ध्इ की बहादुरी को सलाम किया. भारतीय वायुसेना की बहादुरी को लेकर उन्होंने एक ट्वीट में ''जय हिंद'' लिखा और तिरंगे का इमोजी बनाया. एक्ट्रेस को इसी ट्वीट के लिए पाकिस्तान में ट्रोल किया जा रहा है. ट्रोलर्स का कहना है कि ळ~ एंबेसडर होने के नाते एक्ट्रेस को शांति की अपील करनी चाहिए. उल्टा वे युद्ध का समर्थन कर रही हैं. पाकिस्तानी एक्ट्रेस अरमीना खान ने खुलकर प्रियंका को आड़े हाथ लिया. उन्होंने देसी गर्ल के ट्वीट पर तंज कसते हुए लिखा- क्या?!!! लेकिन क्या आप @UNICEF की गुडविल एंबेसडर नहीं हैं? हर कोई इस ट्वीट का स्क्रीनशॉट लें और अगली बार जब भी प्रियंका शांति और सद्भावना के बारे में बोलेंगी तो उन्हें इस ढोंग के बारे में याद दिलाएं. बताते चलें कि प्रियंका चोपड़ा के पिता इंडियन आर्मी में थे. एक्ट्रेस के ट्वीट की कई पाकिस्तानी यूजर्स ने भी आलोचना की. उनकी मांग है कि UN को एक्ट्रेस से एंबेसडरशिप वापस लेनी चाहिए. प्रियंका का मिलिट्री एक्शन का समर्थन करना ट्रोलर्स को पसंद नहीं आ रहा है. बता दें कि भारत की ओर से एयर स्ट्राइक पर कई पाकिस्तानी आर्टिस्ट ने रिएक्ट किया है. जिंदगी गुलजार है फेम एक्ट्रेस सनम सईद ने लिखा- 'निर्दोष लोगों की हत्या की शर्म को ढंकने के लिए कोई भी झंडा इतना बड़ा नहीं है.'

# प्रियंका के लुक से इंप्रेस हुईं निक जोनास की एक्स गर्लफ्रेंड, किया ये कमेंट

**प्रियंका** चोपड़ा जोनस हाल ही में वैनिटी फेयर ऑस्कर आफ्टर पार्टी में नज़र आईं थी. ब्लैक एली गाउन में प्रियंका बेहद आकर्षक नज़र आ रही थीं. प्रियंका अपने पति निक जोनस के साथ इस इवेंट पर पहुंची थी. हालांकि प्रियंका के इस लुक से वहां मौजूद लोग ही नहीं बल्कि निक की एक्स गर्लफ्रेंड माइली सायरस भी काफी इंप्रेस नज़र आईं. अमेरिकन सिंगर माइली सायरस ने अमेरिकन पॉप कल्चर में अपने ऊँ॰ वीडियोज़ से सनसनी फैला दी थी. २६ साल की माइली ने प्रियंका की इस तस्वीर पर कमेंट करते हुए उनकी तारीफ की. सेलेब्रिटी मेकअप आर्टिस्ट पैटी डुबरॉफ ने प्रियंका की एक तस्वीर को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया था. इस तस्वीर पर माइली सायरस ने कमेंट करते हुए लिखा - खूबसूरत. ढेर सारा प्यार! माइली का ये कमेंट काफी वायरल होने लगा. दरअसल प्रियंका से शादी रचाने से काफी पहले निक जोनस और माइली सायरस रिलेशनशिप में थे. गौरतलब है कि प्रियंका की पिछली फिल्म इंसेन्ट इट रोमांटिक में माइली के पति लियाम हेम्सवर्थ भी नज़र आए थे. फिल्म के प्रीमियर के बाद प्रियंका ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपने सभी को-स्टार्स को टैग करते हुए एक मेसेज भी लिखा था. उन्होंने इस पोस्ट में माइली को भी मेन्शन किया था क्योंकि माइली ने प्रीमियर पर लियाम का प्रतिनिधित्व किया था. वर्कफ्रंट की बात करें तो प्रियंका फिलहाल फरहान अख्तर के साथ एक फिल्म में काम कर रही हैं. इस फिल्म का नाम स्काई इज़ पिंक है और इस फिल्म में दंगल फेम गर्ल जायरा शेख प्रियंका की बेटी का रोल निभाते हुए नज़र आएंगी. इस फिल्म को सोनाली बोस डायरेक्ट कर रही हैं.



# छक्का लगाकर गेंदबाज को किया सल्यूट, जॉस बटलर का विडियो वायरल

**नई दिल्ली :** वेस्ट इंडीज और इंग्लैंड के बीच खेला गया चौथा वनडे मैच अपने आप में इतिहास में दर्ज हो गया। इस मैच में दोनों टीमों द्वारा बनाए गए ८०० से ज्यादा रन, गेल और बटलर की विस्फोटक पारियों के साथ-साथ एक और चीज के लिए याद किया जाएगा। वह है बटलर का वह 'सलाम' जो उन्होंने वेस्ट इंडीज के गेंदबाज शेल्डन कॉटरेल को चिढ़ाने के लिए इस्तेमाल किया। दरअसल, शेल्डन कॉटरेल अकसर विकेट लेने के बाद मैदान पर सल्यूट करते दिखते हैं। बुधवार को हुए मैच में जब बटलर ने कॉटरेल की एक गेंद पार छक्का लगाया तो उन्होंने वेस्ट इंडीज गेंदबाज को वैसे ही सल्यूट किया। यह करते हुए उनके चेहरे पर मजाकिया हंसी भी थी। बटलर के इस अंदाज की सोशल मीडिया पर जमकर चर्चा हो रही है और इसके विडियो को लगातार शेयर किया जा रहा है। बता दें कि मैच में इंग्लैंड ने ६ विकेट पर ४१८ का विशाल स्कोर खड़ा किया था। जवाब में वेस्ट इंडीज ने भी शानदार खेल दिखाया लेकिन वह २९ रनों से मैच हार गई। इस मैच में कुल ४६ छक्के लगे जो सर्वाधिक छक्कों का नया रेकॉर्ड है।

# जमशेदपुर ने बेंगुलुरू पर एकतरफा जीत के साथ किया लीग चरण का अंत

**जमशेदपुर,** जमशेदपुर एफसी ने दूसरे हाफ में आठ मिनट के अंदर चार गोल दागकर बुधवार को यहां हीरो इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के अपने आखिरी लीग मैच में बेंगलुरू एफसी को ५-१ से करारी शिकस्त दी। जेआरडी टाटा स्पोटर्स कॉम्पलेक्स में खेले गए इस मैच में बेंगलुरू ने सेंबोई हाओकिप (१६वें मिनट) के गोल से बढ़त बनायी, लेकिन जमशेदपुर ने हार नहीं मानी और पहले हाफ का अंत बराबरी के करने के बाद दूसरा हाफ पूरी तरह से अपने नाम किया। जमशेदपुर की तरफ से पाब्लो मारगाडो (५६ और ५७वें मिनट) ने दो जबकि आगस्टिन फर्नांडो (४५वें), माइकल सूसाइराज (५४वें) और कार्लोस काल्वो (६१वें मिनट) ने एक एक गोल किया।

# IPL 2019: ये हैं सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले 5 बोलर



**T20** क्रिकेट का नाम सुनकर भले ही आप चौके-छक्कों को याद करें, लेकिन यहां बोलरों का भी रोल खासा अहम है। अब तक खेले ११ सीजनों में विजेता टीमें सिर्फ बैटिंग के बल पर ही चैंपियन नहीं बनी बल्कि उनके बोलरों ने भी टीम को चैंपियन बनाने में अहम रोल निभाया है। आगे की स्लाइड्स में- IPL में सर्वाधिक विकेट लेने वाले टॉप ५ बोलरों पर एक नजर...टीम इंडिया के सीनियर ऑफ स्पिनर हरभजन सिंह IPL इतिहास के ५वें सबसे सफल गेंदबाज हैं। यह ऑफ स्पिनर पिछेले सीजन से पहले बीते १० सीजन तक मुंबई इंडियन्स का ही हिस्सा था। अब तक मुंबई इडियन्स ने तीन बार यह खिताब अपने नाम किया है और इन तीनों ही खिताबों में भज्जी की भूमिका अहम रही थी। अब तक भज्जी ने इस लीग में १४९ मैच खेलकर १३४ विकेट अपने नाम किए हैं। वेस्ट इंडीज के इस ऑलराउंडर खिलाड़ी ने इस लीग में अपनी बोलिंग, बैटिंग और उम्दा फील्डिंग से सभी को प्रभावित किया है। ब्रावो २०११ में धोनी की कप्तानी वाली टीम चेन्नै सुपर किंग्स से जुडे तो उसे अब २ खिताब (२०११ और २०१८) जीताने में मदद पहुंचाई है। उन्होंने अब तक IPL में सिर्फ १२२ मैच खेले हैं और १३६ बल्लेबाजों को अपना शिकार बनाया है।

# मुंबई इंडियंस ने ली रोहित शर्मा की मौज, २६५ रन बनानेवाला बल्लेबाज दिखाया



**नई दिल्ली :** इंडियन प्रीमियर लीग २०१९ शुरू होने में अब ज्यादा वक्त नहीं है। इससे पहले मुंबई इंडियंस ने अपने कप्तान रोहित शर्मा की चुटकी लेते हुए एक पोस्ट किया है। इसमें लिखा है कि उन्हें कोई ऐसा क्रिकेटर मिल गया है जो रोहित से भी बेहतर है। इस पोस्ट के साथ ट्विटर अकाउंट से एक लड़के की तस्वीर भी पोस्ट की गई है, जिसका नाम अभिनव सिंह है। उसने हाल में २६५ रनों की पारी खेली है। मुंबई इंडियंस ने ट्वीट में लिखा, 'रोहित शर्मा हमें कोई ऐसा मिल गया है जो आपके २६४ वाली पारी से अच्छा खेला। रिजवी स्प्रिंगफील्ड के अभिनव सिंह ने मुंबई इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नमेंट में २६५ रनों की पारी खेली है।' अभिनव के बारे में फिलहाल ज्यादा जानकारी उपलब्ध नहीं है। खबरों के मुताबिक, उसने ये रन अंडर १४ टूर्नमेंट में १५० गेंदों में बनाए हैं। वहीं अगर रोहित शर्मा की बात करें तो यह खिलाड़ी वनडे इंटरनैशनल क्रिकेट में तीन बार (२०१३, २०१५, २०१७) दोहरे शतक लगा चुका है। अपनी २६४ रनों वाली पारी में रोहित शर्मा ने ३३ चौके और ९ छक्के लगाए थे। उन्होंने रनों का यह अंबार १७३ गेंदों में बनाया था। श्री लंका के खिलाफ हुए इस मैच में टीम इंडिया १५३ रनों से विजयी रही थी।

# संक्षिप्त न्यूज

## 5% आरक्षण के लिए भिवंडी से पैदल मार्च

**भिवंडी:** शिक्षा एवं सरकारी नौकरियों में 5 प्रतिशत आरक्षण लागू करने की मांग को लेकर मालेगांव के विधायक आसिफ रशीद शेख के नेतृत्व में गैर राजनीतिक संगठन मुस्लिम रिजर्वेशन फेडरेशन के बैनर तले लगभग 100 लोगों रविवार को भिवंडी से आजाद मैदान तक पैदल मार्च किया। पैदल मार्च में पूर्व विधायक अब्दुल रशीद ताहिर मोमिन सहित भिवंडी से भी काफी लोग शामिल हुए। पुलिस उपायुक्त अंकित गोयल ने इस दौरान पुलिस का कड़ा बंदोबस्त किया था।

## बारह खेडा राजपूत समाज का स्नेह सम्मेलन

**वसईः** 24 फरवरी को नायगांव हाइवे स्थित चिंचोटी नाका के पास बारह खेडा राजपूत समाज मुंबई में पहला स्नेह सम्मेलन संपन्न हुआ। कार्यक्रम में सुबह नाटक, दोपहर को राजस्थानी कलाकर कुंदन सिंह परमार व उनकी टीम ने गैर नृत्य व घूमर नृत्य किया। कार्यक्रम में राजस्थानी समाज के लोग मौजूद थे। दोपहर 2 बजे भोज का कर्यक्रम रखा गया। अध्यक्ष माधु सिंह परमार, उपाध्यक्ष नाथूसिंह परमार, कोषाध्यक्ष भरत सिंह दशाणा व सचिव तगत सिंह दशाणा ने समाज के लोगों का आभार व्यक्त किया है।

## जे.जे. गुप्ता स्कूल का सत्र समापन समारोह

**भिवंडीः** भिवंडी के शास्त्रीनगर स्थित जे.जे. गुप्ता हिंदी हाई स्कूल में 10वीं के विद्यार्थियों का सत्र समापन समारोह का आयोजित किया गया। कार्यक्रम अध्यक्षता भाजपा नेता एबी एजुकेशन सोसायटी के सचिव फारुक पठान ने की। इस मौके पर ब्रह्मांड आयुर्वेद के संस्थापक एवं निदेशक डॉ.अक्षय भोईर एवं विद्यालय के पूर्व छात्र सुनील केशरवानी, संजय गुप्ता एवं डॉ. धनंजय सिंह और स्कूल व्यवस्थापन समिति के शिक्षक विशेषज्ञ सी.वी. पाटील मौजूद थे।

## शहीदों के नाम पर रक्तदान शिविर संपन्न

**नालासोपाराः** राधाकृष्णा होटल सर्कल, जैन समाज सभागृह में वसई-विरार शहर जिला कांग्रेस सेवादल महिला अध्यक्ष मिताली विश्वकर्मा ने पुलवामा में शहीद जवानों को श्रद्धांजलि दी और घायल जवानों के सहायतार्थ रक्तदान शिविर का आयोजन किया। शिविर में साथिया ट्रस्ट ब्लड बैंक की टीम उपस्थित थी। यहां 70 लोगों ने रक्तदान किया। इस मौके पर वसई-विरार शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष डामणिक डिमेलो, वसई-विरार शहर जिला कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष रतन तिवारी, पालघर जिला कांग्रेस सेवादल महिला अध्यक्ष सारा खान, वसई-विरार एनएसयूआई जिला अध्यक्ष परमानंद तिवारी, वसई-विरार युवा अध्यक्ष संजय मीना आदि उपस्थित थे।

## सर्वश्रेष्ठ तहकीकात पुरस्कार

**कुर्लाः** कुर्ला आरपीएफ (रेल सुरक्षा बल) के प्रमुख सुरेश अत्री को 2018 के सर्वश्रेष्ठ जांच पुरस्कार से नवाजा गया है। रेल राज्य मंत्री मनोज सिन्हा ने अत्री को सर्वश्रेष्ठ तहकीकात पुरस्कार दिया। अत्री ने रेलवे में संपत्ति की चोरी करने वाले गैंग का भंडाफोड़ा किया था, जिसमें रेलकर्मी भी मिले हुए थे। उन्होंने यात्रियों के सामान चोरी के अलग-अलग 263 मामले उजागर कर 38 लाख रुपये की संपत्ति जब्त की। यात्रियों की सुरक्षा व्यवस्था को प्रभावित करने वाले 106 अपराधियों को गिरफ्तार कर अभियोजित किया। टिकट की कालाबाजारी में लिप्त 47 आरोपियों को गिरफ्तार कर मुकदमे चलाए।

## पुलिस बताकर महिला का अपहरण, गैंगरेप

**नालासोपाराः** तुलिंज पुलिस स्टेशन क्षेत्र की रहने वाली 21 वर्षीय महिला का पुलिस बताकर अपहरण किया गया, बाद में मलाड और मीरा रोड में गैंगरेप किया। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने 5 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार, महिला 6 फरवरी को घर पर थी। उसी दौरान दो अज्ञात लोग उसके घर गए और कहा कि वे पुलिसकर्मी हैं और पति को अरेस्ट किया है। उसका आधार कार्ड चौकी चलो। महिला बातों में आ गई और साथ चली गई। जिसमें पहले से ही एक महिला और पुरुष बैठा था। वे लोग उसे मालाड ले गए, जहां 3 लोगों ने उसके साथ 8 दिन तक गैंगरेप किया।

## लड़की से दोस्ती के लिए दी धमकी

**पालघरः** बोईसर पुलिस ने एक प्राइवेट क्लास चलाने वाले टीचर और छात्रा को पिस्तौल दिखाकर जान से मारने की धमकी देने वाले छात्र व उसके 3 दोस्तों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों से पुलिस ने तीन पिस्टल व 10 जिंदा कारतूस जब्त किए है। पुलिस ने बताया कि मनमीत मोहन तिवारी इंग्लिश की कोचिंग करता था। वहां आने वाली एक लड़की से वह दोस्ती करना चाहता था। उसने लड़की को दहाणू बुलाया, तो इसकी शिकायत उसने टीचर रणधीर पासवन से कर दी। इससे नाराज मनमीत अपने दोस्तों राजेश कुमार शत्रुघ्न सिंह, कमलेश्वर राजेन्द्र पासवन व ओम प्रकाश शहा के साथ क्लास में पहुंचा और जान से मारने की धमकी दी।

## सिडको नवी मुंबई में बनाएगा कोस्टल रोड

**मुंबई :** नवी मुंबई में शहरी नियोजन प्राधिकरण 'सिडको' 273 करोड़ रुपये की लागत से खारघर और बेलापुर को जोड़ने के लिए कोस्टल रोड के निर्माण की योजना बना रहा है। प्राधिकरण ने शुक्रवार को कहा कि साढ़े नौ किलोमीटर लंबे सड़क मार्ग का निर्माण दो चरण में किया जाएगा और जल्द ही इस संबंध में निविदा आमंत्रित की जाएगी। सिडको ने बयान जारी कर कहा है, 'हमारा बोर्ड पहले ही इस परियोजना को मंजूरी दे चुका है।

# चुनावी साल में बीजेपी सरकार का घाटे का अंतरिम बजट

**मुंबई :** चुनावी साल में राज्य की बीजेपी सरकार ने १९,७८४ करोड़ के राजस्व नुकसान का अंतरिम बजट पेश किया। वित्त मंत्री सुधीर मुनगंटीवार ने साल २०१९-२० के अंतरिम बजट में लोकलुभावन योजनों की घोषणा करने की बजाय चल रही योजनाओं पर ध्यान दिया है। खासकर किसान, मजदूर, गरीब, युवक और महिलाओं पर ध्यान दिया है। शहरी मतदाताओं ध्यान खींचने के लिए वर्तमान में चल रही मेट्रो, सड़क, बिजली, मकान, पानी जैसी योजनाओं को पूरा करने के लिए रकम दी है। वित्त मंत्री ने साल २०१९-२० वित्त वर्ष के लिए अनुमानित राजस्व वसूली ३ लाख १४ हजार ४८९ करोड़ रुपये बताया है, जबकि राजस्व खर्च ३ लाख ३४ हजार २७३ करोड़ रुपये होगा, यानी १९,७८४ करोड़ के राजस्व नुकसान का यह अंतरिम बजट है।

वित्त मंत्री ने कर्ज को भी दायरे में रखने का दावा किया। वर्तमान में राज्य पर ४ लाख १४ हजार ४११ करोड़ रुपये का कर्ज है। राजस्व घाटा पूरा करने के लिए सरकार ने किसी तरह का नया कर नहीं लगाया है और न ही किसी कर के दर में बढ़ोतरी की है। बुधवार को वित्त मंत्री सुधीर मुनगंटीवार ने विधानसभा और वित्त राज्यमंत्री दीपक केसरकर ने विधान परिषद में साल २०१९-२० का अंतरिम बजट पेश किया।

पूर्ण बजट आगामी मॉनसून सत्र में पेश किया जाएगा। बजट में वित्त मंत्री ने चुनावी वादों का पिटारा नहीं खोला है, क्योंकि इसी साल सितंबर-अक्टूबर में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। अनुमान लगाया



जा रहा था कि लोकसभा चुनाव के कारण वित्त मंत्री मॉनसून सत्र में लोकलुभावन पूर्ण बजट पेश करेंगे। उस बजट में लॉलीपॉप योजनों की तिजोरी खोलेंगे। वित्त मंत्री ने अल्पसंख्यकों को खुश करने के लिए ४६५ करोड़ रुपये बजट में दिया है। महिलाओं और बच्चों के विकास के लिए २,९२१ करोड़ दिया है।

किसानों की नाराजगी को दूर करने के लिए वित्त मंत्री ने बजट में कृषि, सिंचाई, ग्रामीण विकास, सड़क, बिजली, पानी और कृषि व्यवसाय पर अपना ध्यान केंद्रित किया है। किसानों के लिए चल रही वर्तमान योजनाओं को पूरा करने के लिए खूब रकम दी है। बजट में एक बार फिर वर्ष २०२२ तक किसानों की आय दोगुनी करने की सरकार ने प्रतिबद्धता दोहराई है। अंतरिम बजट में सूखाग्रस्त महाराष्ट्र के किसानों को राहत देने की कोशिश की गई है। सिंचाई के लिए ८,७३३ करोड़ के नियत व्यय को मंजूरी दी है। विदर्भ और मराठवाडा के आत्महत्या प्रभावित जिलों के लिए खास प्रावधान किए गए हैं। कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं के लिए ३,४९८ करोड़ रुपये खर्च की मंजूरी दी गई है। रोजगार गारंटी योजना के लिए ५,१८९ करोड़ रुपये का प्रावधान किया है। राज्य में कृषि पंप कनेक्शन के लिए ९०० करोड़ और २२ हजार गावों को सूखा मुक्त करने के लिए चल रही जलयुक्त शिवार योजना को इस साल १,५०० करोड़ रुपये देने का प्रावधान किया है। मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के लिए भी २,१६४ करोड़ का मंजूर किए हैं। देश में जीएसटी २०१७-१८ में लागू किया गया। उस वक्त कहा गया कि जीएसटी से राज्य को नुकसान होगा, लेकिन हुआ इसके विपरीत। वित्त मंत्री मुनगंटीवार ने कहा कि जीएसटी से साल २०१८-१९ में ९०,१४० करोड़ रुपये मिलने का अनुमान था, लेकिन मिल रहा है एक लाख १५ हजार ८७२ करोड़ रुपये। आने वाले वर्ष में जीएसटी से और भी कमाई होगी। मुंबई में मेट्रो रेल, कोस्टल रोड, ट्रांस हार्बर, ससून डॉक के विकास, मुंबई में जेट्टी जैसी अन्य योजनाओं का जिक्र अपने संबोधन में वित्त मंत्री ने किया। उन्होंने कहा कि महज मुंबई उपनगर में सन २०१४ तक मेट्रो सिर्फ ११.४ किलोमीटर थी, जबकि इस सरकार में २७६ किलोमीटर मेट्रो का काम चल रहा है। मेट्रो का जाल मुंबई, कल्याण, नवी मुंबई से आगे, नागपुर, पुणे तक जा पहुंचा है। मुंबई की उपनगरीय सेवाओं के लिए एमयूपीटी-३ के तहत ५५,००० करोड़ रुपये परियोजना की बात कही।

# अमीर महिलाओं को 'खुश' करने का ऑफर, १८ हजार का लालच, खो दिए १.३ लाख



**मुंबई :** हनीट्रैप और लालच में फंसकर एक शख्स ने २४ घंटे में १.३ लाख रुपये गंवा दिए। रविकुमार गुप्ता (काल्पनिक नाम) को ३१ जनवरी को एक महिला ने फोन करके बताया कि वह एक फ्रेंडशिप क्लब से बात कर रही है और वह ऐसे आदमियों को ढूंढ रही है जो अमीर और बोर हो चुकी महिलाओं का मनोरंजन कर सकें। इसके लिए हर अपॉइंटमेंट पर १८,००० रुपये मिलने का बात भी कही। गुप्ता महिला के झांसे में आ गए और पैसे देने लगे।

### धीरे-धीरे ऐंठे रुपये

गुप्ता को लगा कि अगर उन्होंने यह काम किया तो उनका ५.६ लाख का लोन चुकाने में उन्हें मदद मिल जाएगी। पहले उनसे २,००० रुपये रजिस्ट्रेशन फी भरने के लिए कहा गया और उसके बाद मीटिंग फी ली गई १०,००० रुपये। इसके बाद होटेल बुक करने के लिए ३२,००० रुपये लिए गए। लालच यहीं नहीं रुका। उनसे कहा गया कि ३६,००० रुपये में वह पूरे महीने के लिए होटेल बुक कर सकते हैं और गोल्ड कार्ड और कैश रिवॉर्ड पॉइंट्स भी मिलेंगे।

इसके बाद उन्हें एक बार फिर ठगा गया और कहा गया कि उन्हें अपने मेडिकल चेकअप कराना होगा और क्लाइंट को रिपोर्ट दिखानी होगी। इसके लिए उनसे ४६,००० रुपये लिए गए। उनसे कहा गया कि एक शख्स आकर उनका टेस्ट करेगा। जब कोई नहीं आया तब जाकर उन्हें शक हुआ कि उन्हें ठगा जा चुका है।

### अकाउंट फ्रीज

पुलिस ने आईपीसी की धारा ४१९, ४२० और ३४ के तहत केस दर्ज किया है। साकीनीका साइबर सेल घटना की जांच कर रहा है। पुलिस ने उस अकाउंट को फ्रीज करा दिया है जिसमें गुप्ता ने पैसे भेजे थे। पुलिस ने जब आरोपियों से गुप्ता के पैसे वापस देने के लिए कहा तो उन्होंने सामने अकाउंट को डीफ्रीज करने की शर्त रख दी।

# एचएमआईएस का इस्तेमाल न होने पर विभागाध्यक्ष होंगे जिम्मेदार

**मुंबई :** बीएमसी के नायर अस्पताल प्रशासन ने डॉक्टरों से साफ कह दिया है कि उन्हें किसी भी कीमत पर हेल्थ मैनेजमेंट इन्फॉर्मेशन सिस्टम(एचएमआईएस) का इस्तेमाल करना ही है। इस बारे में हाल ही में अस्पताल के डीन रमेश भारमल ने एक सर्कुलर भी जारी किया है। एचएमआईएस को पायलट प्रॉजेक्ट के तौर पर नायर अस्पताल में शुरू किया गया है। लेकिन अभी अस्पताल के सभी विभागों में इसका इस्तेमाल नहीं हो रहा है। इसके कारण करोड़ों रुपये खर्च होने के बाद भी इसका लाभ नहीं मिल रहा है। ऐसे में नायर अस्पताल ने गुरुवार को एक सर्कुलर जारी कर पेट, मनोरोग, कैंसर सहित सभी विभागों के प्रमुखों को रोजाना नियमित रूप से एचएमआईएस का इस्तेमाल करने का निर्देश दिया है। अगर किसी भी विभाग द्वारा ऐसा नहीं किया जाता, तो इसके लिए विभाग प्रमुख को जिम्मेदार ठहराया जाएगा। अस्पताल के डीन रमेश भारमल ने कहा, 'इसके पहले भी हमने दो



बार सर्कुलर जारी कर सभी लोगों को एचएमआईएस का इस्तेमाल करने का निर्देश दिया था। लेकिन हमें पता चला है कि कई लोग ऐसा नहीं कर रहे हैं।

इसलिए फिर से सकुर्लर जारी कर सबको इस बारे में सूचित किया गया है।' बता दें कि बीएमसी अस्पतालों में एचएमआईएस शुरू करने के लिए अब तक १०० करोड़ रुपये से अधिक खर्च किए जा चुके हैं, लेकिन इसके कुछ ठोस परिणाम देखने को नहीं मिले हैं।

# एयरफोर्स के अलावा और कोई न ले जैश के ठिकानों पर हमले का श्रेयः उद्धव ठाकरे

**मुंबई :** शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे ने बुधवार को कहा कि वायुसेना के अलावा किसी को भी पाकिस्तान में जैश-ए-मोहम्मद के प्रशिक्षण शिविरों पर हवाई हमलों का श्रेय नहीं लेना चाहिए। ठाकरे ने यहां पत्रकारों से कहा कि पाकिस्तान में आतंकियों के ठिकानों की तबाही से मेरा सीना गर्व से चौड़ा हो गया है। मैं इस अभियान को अंजाम देने वाले बहादुरों को सलाम करता हूं। उन्होंने कहा, 'किसी को भी (रक्षा बलों को छोड़कर) उनकी (वायुसेना के पायलटों) वीरता का श्रेय नहीं लेना चाहिए और किसी को भी इसमें कोई संदेह नहीं करना चाहिए।' पिछले सप्ताह बीजेपी के साथ चुनाव पूर्व गठबंधन करने वाले ठाकरे ने यह भी कहा कि उन्होंने यह स्पष्ट कर दिया है कि शिवसेना आम जनता से जुड़े मुद्दों पर लड़ाई लड़ती रहेगी। बता दें कि हाल ही में शिवसेना ने बीजेपी के साथ मिलकर महाराष?ट्र में लोकसभा चुनाव लड़ने का ऐलान किया है। शिवसेना और बीजेपी के बीच बनी सहमति के मुताबिक, बीजेपी 25 और शिवसेना 23 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। बीजेपी और शिवसेना पिछले 25 साल से साथ हैं।

# चार्ट बनने के बाद कैंसल सीटों की जानकारी IRCTC पर

**नई दिल्ली :** ट्रेन का चार्ट बनने के बाद कैंसल टिकटों की जानकारी अब लोग ध्ग्ङ्क्रऊण की वेबसाइट पर देख सकेंगे। जरूरत पड़ने पर टिकट भी बुक करा सकेंगे। इस तरह से उन्हें सफर के लिए सीट मिल जाएगी। रेलवे को मुनाफा तो होगा ही। इसके अलावा रेलवे ने यह भी व्यवस्था की है कि यात्री चाहें, तो कोच के आधार पर भी यह देख सकेंगे कि किस कोच में कितनी सीटें खाली हैं। यह सिस्टम लगभग हवाई यात्रा की तरह ही है। वहां यात्री को पता चल जाता है कि कौन-कौन सी सीटें खाली हैं। रेलवे वेबसाइट पर यह फीचर बुधवार को रेल मंत्री पीयूष गोयल ने लॉन्च किया। उन्होंने बताया कि जल्द ही ऐसी भी व्यवस्था होगी कि चुनिंदा ट्रेनों में अगर ट्रेन चलने के बाद यात्री के ट्रेन में न पहुंचने से सीट खाली रह गई, तो उस सीट की जानकारी लोगों को मिल जाए। आईआरसीटीसी की वेबसाइट पर अब एक नया ऑप्शन दिया गया है। यह ऑप्शन चार्टस/वैकेंसी के रूप में होगा। ट्रेन चलने से चार घंटे पहले जब पहला चार्ट तैयार हो जाता है और उसके बाद अगर कोई यात्री अपना टिकट रद्द कराता है, तो अब तक ऐसी व्यवस्था नहीं थी कि लोग वेबसाइट पर इसकी जानकारी ले सकें, लेकिन अब नए ऑप्शन में यही किया गया है।

# भारतीय सेना की जानकारी के लिए पाकिस्तान ने शुरू किया 'फर्जी कॉल'

**बीकानेर :** पुलवामा अटैक के जवाब में इंडियन एयरफोर्स की एयर स्ट्राइक के बाद सरहद पर बढ़ते तनाव और युद्ध की संभावित खतरे को देखते हुए पाकिस्तान ने 'नंबर दो पैंतरे' का इस्तेमाल शुरू कर दिया है। पाकिस्तान की इंटेलिजेंस एजेंसियों ने अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास भारतीय सेना की गतिविधियों की जानकारी लेने के लिए फर्जी फोन कॉल करना शुरू कर दिया है।

### पाकिस्तानी खुफिया एजेंसियों का नापाक खेल

पाकिस्तान ने इंटरनैशनल बॉर्डर से लगे पुलिस स्टेशन, रेलवे स्टेशन और पंचायत ऑफिसों में फर्जी फोन कर सीमा पर सेना तथा बीएसएफ की गतिविधियों का पता लगाने का काम शुरू कर दिया है। पाकिस्तान इंटेलिजेंस ऑपरेटिव (इ्ध्) ने सीमा से सटे बीकानेर जिले के दो पुलिस स्टेशनों में फोन किया। खुद को सीनियर अधिकारी बताते हुए किए गए फर्जी फोन कॉल के जरिए पाकिस्तान ने भारतीय सेना की ऐक्टिविटी जानने का 'नापाक' खेल शुरू कर दिया है। हालांकि बीकानेर पुलिस



ने मामले की गंभीरता को देखते हुए सुरक्षा एजेंसियों को अलर्ट कर दिया है। बीकानेर रेंज के आईजी बी.एल. मीणा ने कहा, 'यह सच है कि बीकानेर के दो पुलिस स्टेशन में पाकिस्तान की साइड से फेक कॉल्स की गई। हमारा स्टाफ पूरी तरह से अलर्ट है और ऐसे फोन कॉल्स पर कोई भी रेस्पॉन्स नहीं दिया गया। जिन नंबरों से कॉल आई, उन्हें सर्विलांस के लिए भेज दिया गया है।'

### 'पाक का पुराना पैंतरा, हम पूरी तरह अलर्ट'

आईजी मीणा ने कहा कि एसपी, अडिशनल एसपी और अन्य सरकारी अधिकारियों को भी इस तरह की किसी भी कॉल्स के प्रति अलर्ट रहने की हिदायत दे दी गई है। एक अन्य अधिकारी ने बताया, 'पाकिस्तान का यह पुराना पैंतरा है। वे फर्जी फोन कॉल्स के जरिए रेलवे स्टेशन मास्टरों, पोस्ट ऑफिस अटेंडेट, आम नागरिकों को कॉल करते हैं और भारतीय सेना के मूवमेंट के बारे में जानकारी लेना चाहते हैं।' हमारे सहयोगी टीओआई के पास बीकानेर कंट्रोल रूम से सीमावर्ती जिलों हनुमानगढ़, श्रीगंगानगर, बीकानेर, जैसलमेर के पुलिस अधिकारियों को भेजी गई कॉपी है। इसमें पुलवामा हमले के बाद से पाकिस्तान की तरफ से किसी भी अवैध गतिविधि से अलर्ट रहने की हिदायत दी गई है। पुलिस अब आम नागरिकों तथा अन्य सरकारी दफ्तरों को भी इस तरह के फोन कॉल को लेकर अलर्ट रहने के निर्देश दे रही है।

# IIT छात्र नहाती हुई युवतियों का बनाता था वीडियो, पकड़े जाने पर हुआ चौकाने वाला खुलासा

**मुबईः** देश की आर्थिक राजधानी मुंबई से सटे ठाणे से पुलिस ने ३४ साल के शख्स को गिरफ्तार किया है. प्रतिष्ठित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान आईआईटी बॉम्बे (घ्र्ंिह घ्ेूूल र्द ऊाम्प्हदत्दुब) में पढ़ने वाले इस शख्स ने कथित रूप से नहा रही युवती का अश्लील वीडियो बनाया. पुलिस ने महिला की शिकायत के बाद आरोपी को गिरफ्तार करके जांच में जुट गई है.

जानकारी के मुताबिक आरोपी ठाणे का रहने वाला अविनाश कुमार यादव है. पुलिस को महिला





ने शिकायत में बताया कि जब वह नहा रही थी तो उसे बाथरूम की खिड़की पर एक मोबाइल मिला. जिसकी सूचना उसने अपने पति को दी. महिला के मुताबिक मौके से आरोपी को भागते हुए भी देखा गया. जिसके बाद पड़ोसियों ने उसे पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया.

पुलिस ने बताया कि अविनाश के मोबाइल में उसी बल्डिंग के और भी लोगों के अश्लील वीडियो मिले है. जिसमें महिला और पुरुष दोनों है. फिलहाल महिला की शिकायत पर अविनाश के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा ३५४ (कोई भी शख्स किसी महिला को कोई निजी कार्य करते हुए तांका झांकी करता है या तस्वीर खींचता है) पर भारतीय दंड संहिता की धारा के तहत केस दर्ज किया है.

गौरतलब हो कि पिछले महीने उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद से ऐसा ही एक मामला सामने आया था. जहां एक युवक ने बाथरूम से महिला का अश्लील वीडियो बनाकर उसे ब्लैकमेल करता था. उसने वीडियो वायरल करने की धमकी देकर पैसे की मांग भी की. युवक उससे नौ लाख रुपये की मांग कर रहा है. परेशान होकर महिला ने पुलिस में मामला दर्ज करवाया.

# गन पॉइंट पर लूटने वाले दो बदमाश मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार, एक फरार

**दिल्ली :** राजधानी दिल्ली से सटे नोएडा थाना २० क्षेत्र के सेक्टर १४ ए के शनिमंदिर के आस-पास का इलाका उस समय गोलियों की आवाज से गूंज उठा, जब पुलिस का सामना कार सवार तीन बदमाशों से हो गया. पुलिस ने रोकने की कोशिश की तो ये पुलिस पर फ़ायरिंग करते हुए भागने लगे.

क्रॉस फायरिंग में फुरखान और सलमान के पैर में गोली लगने से घायल हो गए. वही एक बदमाश अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया. पुलिस जांच में सामने आया है कि ये लूट और छिनैती की घटनाओं को अंजाम देते थे. इन पर जिले के कई थानों पर दर्जनों मुकदमे दर्ज हैं. इनके पास से पुलिस ने एक होंडा सिटी, एक पिस्टल सहित दो तमंचे बरामद किए है.पुलिस के आलाधिकारियों की माने तो ये बदमाश गन पॉइंट के जरिये लोगों से लूट व छिनैती की घटनाओं को अंजाम दिया करते, जिससे इनके ऊपर दर्जनों भर मुकद्दमे दर्ज है. फिलहाल पुलिस ने दोनों घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है. जहां इलाज किया जा रहा है.

# २४ पाकिस्तानी विमानों ने की थी एलओसी पार करने की कोशिश


## भारतीय वायुसेना के ८ विमानों ने रोका

**नई दिल्ली :** भारत और पाकिस्तान के मध्य जारी तनातनी के बीच अब कई नए खुलासे सामने आए हैं. दोनों देशों की वायुसेनओं के बीच हुए इस एयर कॉम्बैट की कुछ एक्सक्लूसिव जानकारी मिली है जिसके अनुसार एलओसी के पास २४ पाकिस्तानी विमानों को भारतीय लड़ाकू विमानों ने खदेड़ा. इन ८ विमानों में वह मिग २१ बायसन विमान भी शामिल था जिसे विंग कमांडर अभिनंदन वर्धमान उड़ा रहे थे.

बुधवार को पाकिस्तान की नापाक घुसपैठ की कोशिश में पाक वायुसेना के विमान भारतीय सीमा में करीब १० किलोमीटर तक भीतर घुस आए थे. आला सरकारी सूत्र के मुताबिक, भारत सरकार ने दावा किया है कि पाकिस्तान के लड़ाकू विमान करीब १० किलोमीटर तक भारतीय सीमा में घुस आए थे. सरकारी सूत्रों ने बताया कि १० किलोमीटर तक पाकिस्तान के २४ लड़ाकू विमान हमारी सीमा में आए थे, जिसकी वजह से भारत को जवाबी कार्रवाई करनी पड़ी. भारतीय वायुसेना के ८ विमानों ने उन्हें खदेड़ दिया.

सरकारी सूत्र की मानें तो भारत ने कहा कि है कि अगर पाकिस्तान डील चाहता है, तो कुछ नहीं होगा. हमे वापसी चाहिए, डील नहीं. भारत ने पाकिस्तान की हिरासत में मौजूद भारतीय पायलट से मुलाकात के लिए कॉन्स्यूलर एक्सेस नहीं मांगी, तुरंत रिहा करने के लिए कहा है. साथ ही पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान भरोसेमंद माहौल दें, तब वार्ता पर विचार किया जा सकता है.

सरकार के सूत्रों ने बताया है कि भारत ने पाकिस्तान को सबूत दिए गए ताकि वह इस पर कार्रवाई करे लेकिन पाकिस्तान ने इस पर अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई. पहले इमरान खान कार्रावाई करें. भारत ने पाकिस्तान को बताया कि जैश ए मोहम्मद ने स्वीकार किया था कि पुलवामा आतंकी हमले के पीछे उसी का हाथ है लेकिन पाकिस्तान सरकार सिर्फ हाथ पर हाथ रखकर बैठकर इंतजार करती रही, जिसकी वजह




से भारत द्वारा २६ फवरी की कार्रवाई को अंजाम दिया गया.

भारत ने बिल्कुल साफ कर दिया है पायलट की रिहाई को लेकर किसी तरह का कंफ्यूजन नहीं होना चाहिए. जेनेवा संधि के अंतर्गत उन्हें छोड़ना होगा. पायलट के बारे में कोई सौदेबाजी नहीं होगी. इसके अलावा सरकारी सूत्रों ने साफ किया कि पाकिस्तान की तरफ झूठ परोसा गया. दूतावास पर भी गलत जानकारी दी गई.

दरअसल, २७ फरवरी को भारत और पाकिस्तान दोनों तरफ जवाबी कार्रवाई को लेकर खबरें जोरों पर रहीं. पाकिस्तान ने एलओसी इलाके में अपने लड़ाकू विमान से घुसपैठ की कोशिश की जिसे भारतीय वायु सेना ने नाकाम कर दिया. पाकिस्तानी विमान का मलबा पाक अधिकृत कश्मीर में मिला. इस दौरान भारतीय वायुसेना के एक मिग विमान का नुकसान हो गया. भारत के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि हमारा एक पायलट लापता है. बाद में उसके पाकिस्तान में बंधक बनाए जाने की सूचना मिली. भरत ने पाकिस्तान के अधिकारियों को तलब किया और पाकिस्तान में कैद पायलट को सुरक्षित वापस करने को कहा. इस बीच पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान ने भारत के साथ फिर से बातचीत का राग अलापा. पाकिस्तान के प्रधानमंत्री ने कहा कि जंग हुई तो यह किसी के काबू में नहीं रहेगी. इमरान खान ने कहा कि हम भारत को बातचीत के लिए आमंत्रित करते हैं.

२७ फरवरी की शाम में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सेना प्रमुखों के साथ तकरीबन एक घंटे बात की. साथ में राष्ट्रीय सुरक्षा प्रमुख अजित डोभाल भी उपस्थति थें. उच्चस्तरीय बैठक के बाद दिल्ली मेट्रो के लिए रेड अलर्ट जारी किया गया और प्रत्येक दो घंटे पर स्टेशन कंट्रोलर को सूचना देने का भी निर्देश दिया गया.

इससे पहले १४ फरवरी को पुलवामा में हुए एक आत्मघाती हमले में सीआरपीएफ के ४० जवान शहीद हो गए थें. हमले की जिम्मेदारी पाकिस्तान स्थति आतंकवादी संगठन जैश-ए-मोहम्मद ने ली थी. भारत ने इसके अगले दिन ही सेना को खुली छूट देने की बात कही थी और पाकिस्तान से 'मोस्ट फेवरेट नेशन' दर्जा वापस ले लिया था. इसके बाद घाटी में हुए सर्च ऑपरेशन में जैश के कई आतंकवादी मारे गए थें. २६ फरवरी की रात में वायु सेना ने अपने असैन्य कार्रवाई में पाकिस्तान के बालाकोट स्थति आतंकवादी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के कैंप को ध्वस्त कर दिया था. भारत के इस कार्रवाई का पूरी दुनिया ने समर्थन किया.

# अभिनंदन सलाम! गिरफ्तार होने से पहले ने नष्ट किए अहम् सबूत



हिंदुस्थानी वायुसेना के विंग कमांडर अभिनंदन के शौर्य और जज्बे की तारीफ पूरे देश में हो रही है, लोग उन्हें पाकिस्तान से सकुशल लौटने की कामना करते नहीं थक रहे हैं। पाकिस्तान मीडिया में छपी खबर के अनुसार इस बहादुर योद्धा ने गिरफ्तार होने से पहले अपने पास रखे अहम सबूत को नष्ट कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार वीर अभिनंदन ने कुछ सबूत चबा गए तो कुछ तालाब में कूदकर पानी में नष्ट कर दिया।

पैराशूट से उतरकर जैसे ही वे पाकिस्तान की धरती पर उतरे उन्होंने वहां मौजूद लोगों से पूछा- ये इलाका हिंदुस्थान का है या पाकिस्तान? जब उन्हें भनक लगी की वे गलती से पाकिस्तान में उतर गये हैं तो उन्होंने वहां मौजूद भीड़ को हटाने के लिए हवा में फायरिंग की। लगभग आधा किमी तक वे भागे और तालाब में कूद गये। तालाब में कूदने का उनका उद्देश्य एक ही था वे अपने पास मौजूद दस्तावेज को नष्ट करना चाहते थे।

बताया जा रहा है कि जो अहम दस्तावेज उनके पास थे, उनमें से कुछ उन्होंने चबा लिये और बहुत सारे कागज पानी में गला दिये। पाकिस्तानी अखबार द डॉन ने खबर दी है कि एलओसी से सात किमी दूर स्थित भिंबर जिले के होरान गांव में रहने वाले मोहम्मद रज्जाक चौधरी ने अभिनंदन को सबसे पहले देखा। उसका कहना है कि बुधवार सुबह ८.४५ बजे आसमान में धमाके के साथ धुआं नजर आया। रज्जाक का कहना है कि दो विमानों में आग लगी थी। एक विमान एलओसी के पार भारतीय सीमा में गिरा जबकि दूसरा पीओके में गिरा।

# भारत का सख्त रुख, कहा- विंग कमांडर को लेकर पाकिस्तान के साथ कोई डील नहीं होगी

**नई दिल्ली,** भारत ने विंग कमांडर अभिनंदन को लेकर पाकिस्तान को दो टूक कहा है कि वह कोई डील करने के मूड में नहीं, पाकिस्तान को चाहिए कि वह तुरंत विंग कमांडर को भारत को सौंप दे। सूत्रों के हवाले से आ रही जानकारी के मुताबिक पाकिस्तान कंधार वाले मामले की तरह दबाव बनाना चाहता है लेकिन भारत इस बार उसे ये मौका नहीं देगा। भारत ने साफ कहा है कि विंग कमांडर को लेकर कोई डील या बातचीत नहीं होगी। भारत चाहता है कि उसका कमांडर तुरंत से वापस आ जाए। सूत्रों से ये भी जानकारी मिली है कि पाकिस्तान को अगर ये लगता है कि विंग कमांडर के रूप में उनके पास कोई डील का कार्ड है तो वे गलत समझ रहे हैं। भारत ने ये भी आशा जताई है कि विंग कमांडर के साथ उचित व्यवहार किया जाएगा।

गौरतलब है कि पाकिस्तान के विदेश मंत्री ने कहा है कि भारत ने उनसे विंग कमांडर को छोड़ने की अपील की है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता शाह फैजल ने कहा, 'भारत ने पायलट का मुद्दा पाक के समक्ष उठाया है। हम आने वाले दिनों में तय करेंगे कि कमाडंर पर क्या नियम लागू हों। उसे युद्धबंदी का दर्जा दिया जाए या नहीं।' साथ ही पाक विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ये भी कहा कि भारत को लगता है कि उनके पायलट से बुरा व्यवहार किया जा रहा है तो ये सही नहीं है। भारतीय कमांडर पूरी तरह सुरक्षित और स्वस्थ है। प्रवक्ता ने ये भी कहा कि भारत को लगता है कि पाक ने कोई सैन्य कार्रवाई की। जबकि पाकिस्तान का निशाना भारत के सैन्य ठिकाने नहीं थे।

## विवाहित महिला को १३ दिनों तक बंधक बनाकर किया दुष्कर्म, ५ लोगों पर मामला दर्ज

**पालघर,** महाराष्ट्र के पालघर जिले में नवविवाहित महिला का अपहरण कर उससे करीब दो हफ्ते तक बंधक बनाकर दुष्कर्म किए जाने के मामले में पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। महिला ने गत २३ फरवरी को पुलिस से मामले की शिकायत की थी। पुलिस की जांच जारी है और अभी तक किसी की गिरफ्तारी नहीं की गई है। एक पुलिस अधिकारी ने सोमवार को बताया कि २१ वर्षीय पीड़िता की मुश्किलें तब शुरू हुई जब छह फरवरी को नालासोपारा में प्रगति नगर स्थित उसके घर एक शख?स पुलिसवाला बनकर आया और उसे अपने साथ पुलिस थाने चलने को कहा। उन्होंने कहा, 'फर्जी पुलिसवाले ने पीड़िता को बताया कि उसके पति को गिरफ्तार किया गया है और उसे कुछ दस्तावेज लेकर पुलिस थाने चलना होगा।'

महिला को पहले एक आरोपी के ऑटोरिक्शा से मुंबई में मलाड ले जाया गया और आठ दिनों तक बंधक बनाकर रखा गया। इसके बाद फिर मीराबाग ले जाया गया जहां एक निर्माणाधीन इमारत में १८ फरवरी तक बंधक बनाकर रखा गया। अधिकारी ने बताया कि दोनों जगहों पर दो आरोपियों ने महिला से दुष्कर्म किया। एक महिला समेत तीन अन्य लोगों ने अपराध के लिये उन्हें उकसाया। पीड़िता को १८ फरवरी को छोड़ा गया।

## अजहर मसूद पर प्रतिबंध लगाने हेतु यूएन की सुरक्षा परिषद में लाया गया प्रस्ताव

पुलवामा आतंकी हमले की जिम्मेदारी लेनेवाले आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के मुखिया मसूद अजहर पर प्रतिबंध लगाने के लिए संयुक्त राष्ट्र (यूएन) की सुरक्षा परिषद में प्रस्ताव लाया गया है। बुधवार को अमेरिका, फ्रांस और ब्रिटेन ने यह प्रस्ताव पेश किया। हालांकि, चीन ने प्रस्ताव पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। इस प्रस्ताव में पुलवामा आतंकी हमले का भी जिक्र है। फ्रांस, अमेरिका और ब्रिटेन ने अपने प्रस्ताव में मसूद की वैश्विक यात्राओं पर प्रतिबंध लगाने और उसकी सभी संपत्ति फ्रीज करने की मांग भी रखी है। १४ फरवरी को कश्मीर के पुलवामा में हुए फिदायीन हमले में भारतीय सुरक्षाबलों के ४० जवान शहीद हो गए थे। जैश ने इस हमले की जिम्मेदारी ली थी।

फ्रांस सुरक्षा परिषद का स्थाई सदस्य है और उसके पास वीटो पॉवर है। एक मार्च को इसकी अध्यक्षता इक्वेटोरियल गुयाना से फ्रांस के पास चली जाएगी। बार पहले भी पेश हुआ प्रस्ताव, हर बार चीन ने अड़ंगा लगाया मसूद पर प्रतिबंध लगाने के लिए पिछले १० साल में चौथी बार प्रस्ताव लाया गया है। २००९ में भारत ने प्रस्ताव रखा था। २०१६ में भारत, अमेरिका, फ्रांस और ब्रिटेन के समर्थन से दूसरी बार प्रस्ताव लाया। तीसरी बार २०१७ में भी ऐसा ही प्रस्ताव लाया गया। चीन ने हर बार इसे तकनीकी तौर पर गलत बताकर रोक दिया।

# ४० रुपये के लिए नाबालिग ने की जुड़वा भाई की हत्या

**औरंगाबाद :** महाराष्ट्र के औरंगाबाद जिले से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है जहां पर १४ साल के एक नाबालिग युवक ने अपने ही जुड़वा भाई को महज रु. ४० के लिए मौत के घाट उतार दिया। दोनों के बीच हुआ झगड़ा हिंसक हुआ जिसमे छोटे भाई ने बड़े भाई को जान से मार दिया। दोनों ही नाबालिग युवक जुड़वा बताए जा रहे हैं। समाचार एजेंसी एनआईए की खबर के मुताबिक यह घटना महाराष्ट्र के औरंगाबाद जिले की है। पुलिस ने नाबालिग युवक को गिरफ्तार कर लिया है और मामले में आगे की जांच की जा रही है, खबर के मुताबिक दोपहर में खाना खाते वक्त दोनों भाइयों के बीच ४० को लेकर कहासुनी हुई।

दोपहर में खाना खाते वक्त दोनों भाइयों के बीच ४० को लेकर कहासुनी हुई। जिसके बाद छोटे भाई ने बड़े भाई पर हथौड़ी से हमला कर दिया, हथौड़ी से हमला सिर पर किया गया था जिस हमले के बाद बड़े भाई की मौत हो गई घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और नाबालिग युवक को गिरफ्तार कर लिया गया है १४ साल के नाबालिग ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है वहीं दूसरी तरफ पुलिस ने बड़े भाई के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है पुलिस आगे की जांच कर रही है। आपको बता दें कि ये कोई पहला मामला नहीं है महाराष्ट्र के दूरदराज इलाके में इस तरह की घटनाएं सामने आते रही हैं, वहीं महाराष्ट्र में नाबालिगों द्वारा बढ़ता अपराध महाराष्ट्र वपिलुस की लिए चिंता का विषय बना हुआ है।

## प्रेमी के साथ मिलकर महिला ने की पति की हत्या

**हरियाणा:** एक महिला ने अपने अवैध संबंध के कारण पति को मौत के घाट उतार दिया. महिला के पति को उसके अवैध संबंध के बारे में पता चल गया था जिसकी वजह से मृतक ने कई बार महिला की पिटाई भी की थी. मृतक की मौत से एक दिन पहले पति पत्नी के बीच लड़ाई हुई थी. जिसके बाद महिला ने अपने प्रेमी और उसके साथी के साथ मिलकर अपने पति को गोलियों से भुन डाला. २१ फरवरी की रात किसान नरेश बरामदे में सो रहे थे. उसी वक्त पांच गोलियां मारकर उनकी हत्या कर दी गई. हत्या से पहले महिला ने पति के मुंह पर रजाई डाली, उसके बाद दोनों आरोपियों ने नरेश को गोली मार दी. आरोपी महिला बरामदे के बगल वाले कमरे में ही सो रही थी. पुलिस ने जब उससे गोलियों की आवाज के बारे में पूछा तो उसने कोई भी आवाज नहीं सुनने का दावा किया. जिसके बाद पुलिस को महिला पर शक हो गया. पति की मौत के बाद महिला लगातार अपने प्रेमी हन्नी से पर बातचीत कर रही थी और उसे पुलिस की गतिविधियों की सारी जानकारी दे रही थी. महिला का पिछले दो साल से प्रेम प्रसंग चल रहा था. उसके नाजायज संबंध के बारे में महिला के पति को पता चल गया था. मृतक की मौत से एक दिन पहले महिला और उसके पति के बीच लड़ाई हुई थी जिसके बाद महिला ने प्रेमी के साथ मिलकर पति को मारने की साजिश रची. महिला का बयान लेने के बाद पुलिस को उस पर शक हो गया था, कॉल्स डिटेल्स निकालने के बाद पुलिस का शक यकीन में बदल गया. पुलिस ने आरोपी पत्नी को मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया. पुलिस महिला के प्रेमी हन्नी और उसके साथी की तलाश में जुटी हुई है. जल्द ही उन्हें भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा.

## महिला को घुमाने का झांसा दे कर दो व्यक्तियों ने किया सामूहिक बलात्कार, आरोपी गिरफ्तार

**नोएडा:** जिले के थाना कासना क्षेत्र स्थित पार्श्वनाथ सोसाइटी में एक महिला को बंधक बना कर २ लोगों ने उससे कथित तौर पर सामूहिक बलात्कार किया. घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है. एसपी (ग्रामीण) विनीत जायसवाल ने सोमवार को बताया कि जनपद आगरा की रहने वाली एक महिला को घुमाने का झांसा दे कर राकेश नामक व्यक्ति ग्रेटर नोएडा स्थित पार्श्वनाथ सोसाइटी ले कर आया. राकेश भी आगरा का रहने वाला है.राकेश और पार्श्वनाथ सोसायटी के मकान नंबर १००१ में रहने वाले आफताब चड्ढा ने महिला को बंधक बनाकर उसके साथ सामूहिक बलात्कार किया. एसपी ने बताया कि महिला ने बीती रात किसी तरह पुलिस को सूचित किया.मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है. उन्होंने बताया कि आरोपी आफताब चड्ढा के पिता आर्मी में मेजर के पद पर तैनात थे. उन्होंने बताया कि महिला को डॉक्टरी परीक्षण के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है.

## पति ने भाई के साथ मिलकर ससुर को उतारे मौत के घाट, बेरहमी से पीटकर ली जान

दिल्ली में एक दामाद के ससुर को बेरहमी से पीट-पीटकर जान लेने की घटना सामने आई है. मृतक सपरिवार सुल्तानपुरी के एफ ब्लॉक में रहता था. मृतक की बेटी की रेहाना की शादी मोहम्मद अली से हुई है. रेहाना अपने ससुराल में रहती थी. उसके भाई आसिफ की २३ फरवरी को शादी तय हुई थी, वो १४ फरवरी को अपनी बहन को लेने उसके ससुराल गया था जहां जीजा से उसकी कहा सुनी हो गई. वो बहन रेहाना को लेकर आ गया.

शुक्रवार २२ फरवरी को मोहम्मद अली अपने भाई के साथ अपने ससुराल पहुंचा जहां पत्नी रेहाना को लेकर उसके भाई आसिफ से झगड़ा हो गया. झगड़ा इतना बढ़ गया कि मोहम्मद अली ने भाई के साथ मिलकर ससुर की पिटाई कर दी और दोनों फरार हो गए. पीड़ित को पास के अस्पताल में ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया. शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है. पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया है और उनकी तलाश कर रही है. २३ फरवरी को मृतक के बेटे आसिफ की शादी होनी थी. पिता की मौत के बाद पूरे घर में मातम पसर गया. आरोपी दामाद और ससुर में किस बात को लेकर झगड़ा बढ़ा ये अब तक पता नहीं चल पाया है. पुलिस मामले की तहकीकात में जुटी हुई है.

## खाकी वर्दी वालों की गुंडागर्दी, लड़की पर अभद्र टिप्पणी करने के बाद नशे में धुत पुलिस वाले ने उसके सामने किया ये गंदा काम...

**भिवंडी:** खाकी वर्दी पहनकर पुलिस वाले जुर्म का खात्मा करने और जनता की रक्षा करने का प्रण लेते हैं, लेकिन अगर खाकी वर्दी पहनकर पुलिस वाले ही गुंडागर्दी पर उतर आएं तो फिर जनता की रक्षा कौन करेगा? एक ऐसा ही चौंकाने वाला मामला महाराष्ट्र के भिवंडी से सामने आया है. दरअसल, भिवंडी के मानकोली नाका पर रविवार की शाम एक लड़की सड़क पर अपने पिता का इंतजार कर ही थी, तभी दो कॉन्सेटबल और एक मुखबिर नशे की हालत में वहां से गुजर रहे थे. अपनी वर्दी की गरिमा को भूलते हुए नशे में टल्ली ये कॉन्सटबल लड़की पर अभद्र टिप्पणी करने लगे. जब लड़की ने इसका विरोध जताया तो उनमें से एक कॉन्टेबल बेशर्मी की सारी हदें पार करते हुए उसके सामने पेशाब करने लगा.

दोनों आरोपी पुलिसवालों में एक का नाम हेड कॉन्सटेबल शैलेश पाटिल और दूसरे का नाम जाधव बताया जा रहा है, जबकि मुखबिर का नाम दिनेश पाटिल है. फिलहाल दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया है. ये दोनों कॉन्स्टेबल भिवंडी के नारपोली पुलिस स्टेशन में कार्यरत हैं. बताया जा रहा है कि बीएससी सेकेंड ईयर की छात्रा राज्य प्रतियोगी परीक्षा में शामिल होने के बाद नवी मुंबई के घनसोली से घर वापस लौट रही थी और मानकोली नाका पर अपने पिता शांताराम म्हात्रे का इंतजार कर रही थी.

अपने पिता का इंतजार कर रही इस लड़की ने जब हेड कॉन्सटेबल शैलेश पाटिल द्वारा की गई अभद्र टिप्पणी पर आपत्ति जताई तो उसने लड़की को एक पुलिस वाले को कानून न सिखाने की नसीहत दे डाली. इसके बाद लड़की ने विनम्रता से कहा कि अगर आप पुलिस वाले हैं तो आपको कानून का पालन करने वाला होना चाहिए. लड़की की इस बात से गुस्से में आकर पुलिस वाला उसके साथ बदसलुकी पर उतर आया और इसमें उसके दोनों साथी भी शामिल हो गए.

इस बीच जब लड़की के पिता वहां पहुंचे और उन्होंने पुलिस वालों को रोकने की कोशिश की तो तीनों उसके साथ मारपीट पर उतर आए. लड़की के पिता को तीनों ने बुरी तरह से पिटा, जिसके चलते इलाज के लिए उन्हें ठाणे के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा. इस घटना के बाद पीड़ित ने नारपोली पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई.


## बालिका आवासगृह से ७ लड़कियां फरार, जांच पड़ताल में जुटी पुलिस

**पटना :** बिहार के पटना जिले के मोकामा स्थित एक बालिका आवासगृह से शुक्रवार रात सात लड़कियां फरार हो गईं. फरार होने वाली लड़कियों में चार मुजफ्फरपुर बालिका आवासगृह की बताई जा रही हैं. बिहार के पुलिस महानिदेशक गुप्तेश्वर पांडेय ने इस घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि मोकामा स्थित स्वयंसेवी संस्था-नाजरथ सोसाइटी द्वारा मोकामा में चलाए जा रहे बालिका आवासगृह से सात लड़कियां फरार हो गई हैं.

पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि आवासगृह संचालक के मुताबिक लड़कियां आवासगृह के बाथरूम का ग्रिल काटकर भागी हैं. पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी ने आवासगृह पहुंचकर मामले की जांच प्रारंभ कर दी है. उल्लेखनीय है कि बिहार के मुजफ्फरपुर बालिका आवासगृह में लड़कियों के यौन शोषण का मामला प्रकाश में आने के बाद मुजफ्फरपुर बालिका आवासगृह की लड़कियों को राज्य के अन्य बालिका आवासगृहों में स्थानांतरित कर दिया गया था.

मॉडल, कलाकार, हेल्पर की जरूरत है

CINE, T. V. ARTISTS AND WORKERS ASSOCIA-TION (REGD.)



अच्छे मियाँ

कार्ड भी बनाकर दिया जाएगा... कार्ड की कीमत २५००/-

(Regd. No. A.L.C. -17-10174 Under Trade Union Act, 1926 With Government of Maharashtra)
Heena Arcade,Shop No16, S. V. Road, Jogeshwari (W), Mumbai-102
Tel. : 022-66989738 - 9220541108/ 08433238738

New Huma Caterers ®

Jogeshwari

★ We Have No Branch ★

Mohd. Salim
9820710325 / 9967865102
9867868339 / 26790046

: Address :
Shop No. 1, Old Ghaswala Stable,
Next to Syndicate Bank, S.V. Road,
Jogeshwari (W), Mumbai - 400 102.

Web.: www.newhumacaterers.com
E-mail : newhumacaterers@gmail.com

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक - असगर अमीन शाह द्वारा सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, गाला नं. 3-4 अमीन इंड. इस्टेट, सोनावाला क्रॉस रोड नं.2, जवाहर नगर फाटक ब्रिज के पास, गोरेगांव ( पूर्व ), मुंबई-400063 से मुद्रित कर रुम नं. जी-16, अमीन पारसी चाल, एस. वी. रोड, जोगेश्वरी ( पश्चिम ), मुंबई-400102 से प्रकाशित संपादक-असगर अमीन शाह